Google

एआई से जुड़े सिद्धांत

सबके लिए फ़ायदेमंद एआई बनाने का हमारा तरीका

एआई को डेवलप करने और इसकी क्षमता का भरपूर इस्तेमाल करने का हमारा नज़रिया, हमारे मुख्य मिशन पर आधारित है.

हमारा मिशन है दुनिया भर की जानकारी को व्यवस्थित करके सभी के लिए उपलब्ध कराना, ताकि सबको इसका फ़ायदा मिल सके.

हमें लगता है कि एआई को डेवलप और इस्तेमाल करने से जुड़ा हमारा तरीका, ज़िम्मेदारी और आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए. हमारा मानना है कि इनोवेशन के ज़रिए, हमें ऐसे प्रॉडक्ट बनाने चाहिए जिनमें एआई इंटिग्रेट किया गया हो. इससे विज्ञान के क्षेत्र में ज़्यादा विकास होगा और दुनिया को लेकर हमारी समझ बेहतर हो पाएगी. साथ ही, मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने और मौकों का फ़ायदा पाने में मदद मिल सकेगी. इसके अलावा, हम मानते हैं कि ऐसा एआई डेवलप और इंटिग्रेट किया जाना चाहिए जो उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और निजता को ध्यान में रखने के साथ-साथ, उनकी ज़रूरतों और ज़िम्मेदारियों, दोनों को पूरा कर सके.

एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और उससे ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा पाने के मकसद से, हम अलग-अलग पार्टनर के साथ मिलकर काम करते हैं और हमारी कोशिश उन्हें भी सशक्त बनाने की रहती है.

एआई को डेवलप करने का हमारा तरीका, इन तीन सिद्धांतों पर आधारित हैः

आत्मविश्वास भरा इनोवेशन:

हम ऐसा एआई डेवलप करते हैं जो समाज के हर क्षेत्र में सुधार लाने और लक्ष्यों को हासिल करने में लोगों की मदद करता है, उन्हें सशक्त बनाता है, और प्रेरणा देता है. इसके अलावा, यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर, लोगों की ज़िंदगी को बेहतर बनाता है. साथ ही, इससे नई वैज्ञानिक खोज करने और मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है.

- ऐसे मॉडल और ऐप्लिकेशन बनाकर प्रॉडक्ट में इंटिग्रेट करना जिनमें किसी तरह के नुकसान के मुकाबले फ़ायदे ज़्यादा हों.
- एआई में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को लागू करना, तेज़ रफ़्तार से एआई टेक्नोलॉजी पर काम करना, और रिसर्च कम्यूनिटी के साथ पारदर्शिता बनाए रखना.
- एआई का इस्तेमाल करके, जीव विज्ञान, चिकित्सा, रसायन विज्ञान, भौतिकी, और गणित जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक खोजों और इनोवेशन में तेज़ी लाना.
- असल दुनिया की समस्याओं पर फ़ोकस करना, अपने काम के नतीजों का आकलन करना, और नए इनोवेशन को सबके लिए उपलब्ध कराना, ताकि मानवता के सबसे ज़रूरी और फ़ायदेमंद लक्ष्य पूरे हो सकें.

ज़िम्मेदारी के साथ डेवलप और इंटिग्रेट करना

हम समझते हैं कि एआई एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी है और इसकी वजह से, अलग-अलग तरह की चुनौतियां और जोखिम पैदा हो सकते हैं. इसलिए, एआई को डेवलप करने से लेकर लागू करने तक यानी इसके डिज़ाइन, टेस्टिंग, और एआई सिस्टम को लागू करने की पूरी प्रोसेस के दौरान, हम ज़िम्मेदारी से काम करते हैं. साथ ही, इसे लगातार मॉनीटर करते हैं और इसमें सुधार करते रहते हैं. इसके अलावा, एआई के इस विकास की प्रक्रिया के दौरान भी हमारी ज़िम्मेदारी बनी रहती है और हम लगातार बेहतर करने की कोशिश करते हैं. इसके लिए हमः

- मानवीय निगरानी, आकलन और ज़रूरी कार्रवाई, सुझाव/ राय या शिकायत दर्ज कराने के लिए, ऐसे तरीके लागू करते हैं जो उपयोगकर्ताओं के लक्ष्यों, हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारियों, और दुनिया भर में स्वीकार किए गए अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवाधिकारों के सिद्धांतों से मेल खाएं.
- एआई सुरक्षा से जुड़े रिसर्च और समाधानों को बेहतर बनाने के लिए, ऐडवांस और सबसे सही तरीकों को लागू करने पर काम करना, पहचाने गए जोखिमों को सक्रिय तरीके से हल करने के लिए तकनीकी तरीके ढूंढना, और एआई कम्यूनिटी के साथ हमारी लर्निंग शेयर करना.
- अनचाहे या नुकसान पहुंचाने वाले नतीजों को कम करने और किसी तरह के पक्षपात से बचने के लिए, डिज़ाइन, टेस्टिंग, निगरानी, और सुरक्षा उपायों को सख़्ती से लागू करना.
- निजता और सुरक्षा को बढ़ावा देना और बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों का सम्मान करना.

साथ मिलकर आगे बढ़ना:

हम ऐसे टूल बनाते हैं जो एआई का इस्तेमाल करने के लिए दूसरों को सशक्त बनाते हैं, ताकि एआई से व्यक्तिगत और सामूहिक तौर पर फ़ायदे लिए जा सकें.

- एआई को ऐसी बुनियादी टेक्नोलॉजी के तौर पर डेवलप करना जो अलग-अलग क्षेत्रों में क्रिएटिविटी, प्रोडक्टिविटी, और इनोवेशन को बढ़ावा दे. साथ ही, इसे ऐसे टूल के तौर पर डेवलप करना जो दूसरों को आत्मविश्वास के साथ इनोवेशन करने का बढ़ावा देता हो.
- एआई में इनोवेशन के लिए, इंडस्ट्री के रिसर्चर और शिक्षाविदों के साथ मिलकर काम करना. साथ ही, सरकारों और सिविल सोसाइटी के साथ जुड़कर काम करना, ताकि उन चुनौतियों का हल निकल सके जिन्हें स्टेकहोल्डर अकेले नहीं हल कर सकते.
- ऐसे बेहतरीन नेटवर्क को बढ़ावा देना जिसमें अन्य लोगों को नए-नए टूल बनाने और समाधान खोजने के लिए सशक्त बनाया जाए ताकि इस फ़ील्ड को और बेहतर बनाया जा सके.